हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 जुलाई 2026

04 अगली बार आऊंगा तो करूंगा मेडिकल...



07 मरीज के साथ मारपीट का वीडियो सामने आने से ...





## समाचार संक्षेप

### नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर आमेना हसन ने बढ़ाया गुना का गौरव

**गुना।** शहर की होनहार छात्रा आमेना हसन ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी)-2026 में पहले ही प्रयास में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर गुना का नाम रोशन किया है। आमेना ने 720 में से 611 अंक प्राप्त कर 99.6453314 पर्सेंटाइल अर्जित की है। उन्हें ऑल इंडिया रैंक 7085 तथा जनरल कैटेगरी रैंक 3093 प्राप्त हुई है। आमेना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा क्राइस्ट स्कूल, गुना से प्राप्त की। वर्तमान में वह गुरुदेव पब्लिक स्कूल, गुना की छात्रा हैं। उनका जन्म 14 जुलाई 2008 को हुआ। आमेना, गुना के प्रसिद्ध ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शब्बीर हसन एवं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. फरहीन हसन की पुत्री हैं। उन्होंने पहले ही प्रयास में नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विषयवार प्रदर्शन में आमेना ने जीवविज्ञान में 93.6376160 पर्सेंटाइल, रसायन विज्ञान में 99.6063793 पर्सेंटाइल तथा भौतिक विज्ञान में 99.7848387 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

### अमानक पॉलिथीन पर नपा की कार्रवाई, 1 क्विंटल 20 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त

**गुना।** नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के निर्देश एवं सीएमओ शैलेश अवस्थी के आदेशानुसार नपा की स्वच्छता टीम ने प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने सत्यनारायण मंदिर गली में स्थित जैन रोप सेंटर (लवली स्टूडियो के सामने) से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की है। स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई इस चालानी कार्रवाई के दौरान दुकान से 1 क्विंटल 20 किलो अमानक पॉलिथीन जब्त की गई, जिसका बाजार मूल्य लगभग 22,000 रुपये आंका गया है। कृत्य की पुनरावृत्ति होने के कारण नपा द्वारा संबंधित दुकानदार पर 5,000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। स्वच्छता निरीक्षक ने संचालक को कड़ी चेतावनी दी है कि भविष्य में अमानक पॉलिथीन बेचते पाए जाने पर और अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई में शोभित जादौन और वीरू चकवा का योगदान रहा।

### कृषि उपज मंडी गुना के 10 उपनिरीक्षक पदोन्नत होकर बने निरीक्षक

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार प्रदेश की सभी कृषि उपज मंडियों के उपनिरीक्षक स्तर के कर्मचारियों को पदोन्नत कर मंडी निरीक्षक बनाया गया है। कृषि उपज मंडी गुना के भी लगभग 10 उप निरीक्षकों को पदोन्नत कर मंडी निरीक्षक पद प्रदान किए। विगत दिवस कृषि उपज मंडी के सभागार में कृषि उपज मंडी समिति की भारसाधक अधिकारी व एसडीएम शिवानी पांडे व मंडी सचिव आरपी सिंह ने सभी पदोन्नत मंडी उप निरीक्षकों को स्टार लगाकर मंडी निरीक्षक बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दी ।इस अवसर मंडी समिति के व्यापारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

### भटके बच्चे को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**गुना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में खेलते खेलते घर की राह भटका 10 वर्षीय बालक को डायल-112 जवानों ने परिजन से मिलाया है। जानकारी के अनुसार कृष्णा नगर बाईपास पर एक 10 वर्षीय बालक मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ देवलिया पायलट वीरेंद्र यादव ने मौके पर पहुंचकर बालक को संरक्षण में लिया। डायल-112 जवानों द्वारा बालक से स्नेहपूर्वक पूछताछ करने पर बालक ने पिपरौधा खुर्द क्षेत्र का रहने वाला बताया। बालक को एफ आर व्ही वाहन से साथ लेकर उसके गांव पहुंचे, जहां आस-पास परिजन की तलाश कर उसके घर पहुंचे। जहाँ बालक के परिजन मिले, जिन्हें बालक द्वारा परिजन की पहचान के उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

### गोकुल सिंह चक में बिजली बिल वसूली दल से धक्का-मुक्की और लाठी से प्रहार

# गुना में सरकारी अमले पर हमला, अवैध शराब पकड़ने गई आबकारी टीम पर किया पथराव, गाड़ियां फोड़ीं

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों पर हमले के दो अलग-अलग सनसनीखेज मामले सामने आए हैं। पहले मामले में अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश देने गई आबकारी विभाग की संयुक्त टीम पर ग्रामीणों ने पत्थरों से हमला कर दिया और शासकीय वाहनों में तोडफ़ोड़ की।

वहीं, दूसरे मामले में गोकुल सिंह चक बस्ती में बकाया बिजली बिल की वसूली करने पहुंचे विद्युत विभाग के अमले के साथ अभद्र व्यवहार कर लाठी लेकर दौड़ने और धक्का-मुक्की करने की वारदात हुई है। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





### हरिपुर में आबकारी टीम पर जानलेवा हमला पत्थरों से पीटा

पहला और बड़ा मामला आबकारी विभाग की टीम से जुड़ा है। जिला आबकारी अधिकारी के आदेश पर गत दिवस अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश देने के लिए एक संयुक्त टीम गठित की गई थी। इस टीम में उपनिरीक्षक (उनि) राधाकृष्ण अटारिया, सहायक जिला आबकारी अधिकारी एल.आर. करोटिया, उनि मोनिश शर्मा, उनि वर्धमान जैन, मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, दिनेश कुमार राठौर, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी और खुशबू रघुवंशी शामिल थे। दोपहर करीब 4:30 बजे जब टीम शासकीय अनुबंधित वाहनों से हरिपुर गांव के पास खेतों में रखी अवैध शराब की जब्ती कार्रवाई कर रही थी, तभी गांव के उमेश भिलाला, लीमल भिलाला, सोनू और अन्य लोग वहां आ पहुंचे। आरोपियों ने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए टीम को कार्रवाई करने से रोका। मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पत्थरों से हमला कर दिया। इस मारपीट में शासकीय वाहन के चालक दिलीप सांडे के दाहिने हाथ और शरीर पर चोटें आईं, जबकि आरक्षक अरुण शर्मा के साथ झूमाझटकी की गई। जब टीम जान बचाकर भागने लगी, तो आरोपियों ने उनके शासकीय वाहनों एमपी 08-2198 और एमपी 08-9680 में जमकर तोडफ़ोड़ की और दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी।

### गोकुल सिंह चक में विद्युत विभाग की टीम पर लाठी लेकर दौड़े आरोपी

दूसरी वारदात बिजली विभाग के अमले के साथ घटित हुई। विद्युत विभाग के फीडर इंचार्ज अमर सिंह यादव ने सबस्टेशन ऑपरेटर शुभम पंत और सहायक यंत्री प्रशांत यादव के साथ मिलकर कैंट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत के अनुसार, गत शाम विभागीय टीम गोकुल सिंह चक बस्ती में ओमकारलाल अहिरवार के घर 65,626 रुपये के बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए गई थी। उक्त उपभोक्ता का कनेक्शन दो दिन पूर्व भी काटने का प्रयास किया गया था, तब भी अभद्र व्यवहार किया गया था। जब सहायक यंत्री प्रशांत यादव ने स्वयं जाकर उपभोक्ता से चर्चा करनी चाही, तो मौके पर मौजूद संजेश अहिरवार, लखन अहिरवार और संजेश की पत्नी ने शासकीय अधिकारियों को मां-बहन की गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने अधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की की और आरोपी संजेश उन्हें मारने के लिए हाथ में लाठी (लट्ठ) लेकर दौड़ा। अधिकारियों ने जैसे-तैसे मौके से भागकर अपनी जान बचाई। विद्युत कर्मियों ने गोकुल सिंह चक में स्वयं को असुरक्षित बताते हुए पुलिस से सुरक्षा और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कैंट पुलिस ने आवेदन पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296(बी), 115(2), 132, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# महिला सीएचओ और नर्स से सरेराह लूट, तीन बाइक सवार बदमाशों ने झपटी चैन

◆ स्कूटी से गिरकर नर्स के सिर में आई गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीओ पेट्रोल पंप और बिलोनिया के बीच बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने स्कूटी से जा रही एक महिला सीएचओ और नर्स को निशाना बनाकर सरेराह लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाश महिला के गले से सोने की चैन झपटकर फरार हो गए। इस वारदात के दौरान स्कूटी असंतुलित होकर गिरने से पीछे बैठी नर्स के सिर में गंभीर चोट आई है, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के अनुसार, पत्रकार कॉलोनी गुना निवासी फरियादिया परवीन बानो पत्नी जुनेद खान, जो आयुष्मान आरोग्य मंदिर तिनस्याई में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) के पद पर पदस्थ हैं, अपनी सहकर्मी नर्स उषा ओझा के साथ स्कूटी से गुना लौट रही थीं। स्कूटी परवीन बानो चला रही थीं और उषा ओझा पीछे बैठी थीं। जैसे ही वे शाम करीब 4 बजे जीओ पेट्रोल पंप और बिलोनिया के बीच पहुंचीं, तभी पीछे से एक अज्ञात स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाश आए।

बदमाशों ने स्कूटी के पास आकर पीछे बैठी नर्स उषा ओझा के गले की चैन पर झपट्टा मारा। अचानक हुए इस हमले से उषा पीछे की तरफ झुकीं और स्कूटी अनियंत्रित होकर सडक़ पर गिर गई। हादसे में परवीन बानो बाल-बाल बच गईं, लेकिन नर्स उषा ओझा के सिर में गंभीर चोट आई। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। गंभीर रूप से घायल नर्स को उपचार के लिए तुरंत गुना के जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है।

### वार्ड 1 में प्रस्तावित गीता भवन का भी किया निरीक्षण

# ट्रेचिंग ग्राउंड की बनेगी बाउंड्री वॉल, सीएमओ ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका के सीएमओ शैलेश अवस्थी ने शुक्रवार को ट्रेचिंग ग्राउंड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मैदान खुला होने के कारण कचरे का व्यवस्थित निस्तारण न होने और वहां पालतू जानवरों के स्वतंत्र विचरण पर नाराजगी व्यक्त की। सीएमओ अवस्थी ने मौके पर ही प्रभारी उपयंत्री को ट्रेचिंग ग्राउंड की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल निर्माण का एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि कचरे का सुरक्षित व व्यवस्थित निस्तारण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि शहरभर का कचरा यहां आने के कारण पर्यावरण संतुलन के लिए खाली जगह पर अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उन्हें सुरक्षित करना अति आवश्यक है। इसके बाद सीएमओ ने वार्ड क्रमांक 01 में स्थित पुराने वृद्धाश्रम का भी सघन निरीक्षण किया, जहां शासन द्वारा गीता भवन का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस निरीक्षण और भ्रमण के दौरान उनके साथ मुख्य रूप से उपयंत्री नितिन चंदेल, शकील खान, अमित आर्य और बृजमोहन खरे सहित नगर पालिका का अन्य अमला उपस्थित रहा।

### आरोन क्षेत्र में चोरी की दो अलग-अलग वारदातें

# चोरों के हौसले बुलंद, सूने मकान से लाखों के जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरी की दो अलग-अलग वारदातें सामने आई हैं, जिनमें से एक मामले में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात साफ कर दिए। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में एक अन्य घटना में गृहस्वामिनी की सजगता के चलते चोर चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया और दीवार लांघकर भाग निकला। पुलिस ने दोनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### सूने मकान का ताला तोड़कर अलमारी से जेवरात किए गायब

पहली बड़ी वारदात नगर के प्रताप मार्ग वार्ड क्रमांक 04 की है। यहाँ रहने वाली फरियादिया साक्षी जैन पत्नी दीपक जैन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते कुछ समय से वे अपने परिवार के साथ गुना स्थित मायके में रह रही थीं और आरोन वाले घर में ताला लगा हुआ था।

इसी दौरान उनके चाचा ससुर आशीष जैन ने सूचना दी कि घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। जब साक्षी जैन अपनी सास लक्ष्मी जैन और देवर अनिकेश के साथ आरोन पहुंचीं, तो देखा कि चोरों ने गेट का सरिया और अंदर के ताले तोडक़र ऊपर के कमरे में रखी अलमारी को निशाना बनाया था। चोर अलमारी में रखे पुराने इस्तेमाली सोने के तीन मंगलसूत्र, पांच लेडीज अंगूठी, दो सोने की कंठी माला, एक जोड़ी झुमकी, एक चैन, दो जोड़ी बाला, एक जोड़ी सुई-धागा, दो बंदी, दो जेंट्स अंगूठी, चार सोने की चूडिय़ां, लगभग ढाई किलो चांदी के जेवरात और नकदी समेटकर रफूचक्कर हो गए।

### कमरे में खटपट की आवाज से खुली नींद, रंगेहाथ पकड़ाया चोर

चोरी की दूसरी घटना ग्राम रुसल्ला की है, जहां रहने वाली बैजन्ती बाई पत्नी ज्ञानसिंह प्रजापति ने शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उनके पति भैंसरवास स्थित सूर्या प्लांट में रात्रि चौकीदारी की नौकरी पर गए हुए थे। रात करीब 11 बजे जब वह अपनी बेटी शिवानी के साथ सो रही थी, तभी कमरे में अचानक खटपट की आवाज हुई। लाइट जलने पर पीड़िता ने देखा कि ग्राम खजूरी निवासी आरोपी सचिन मेहतर अलमारी से सामान चोरी कर रहा था। टोकने पर आरोपी तुरंत बाखर की दीवार कूदकर मौके से भाग खड़ा हुआ। पीड़िता ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस दोनों मामलों में वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### 20 जुलाई से बहेगी श्रीमद् भागवत कथा की रसधार

**गुना।** इस्कॉन के संत श्री समर्थ कृष्णदास प्रभु जी महाराज के मुखारबिंद से स्थानीय विजयवर्गीय समाज, गुना के तत्वावधान में शहर में एक भव्य एवं अध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। आगामी 20 जुलाई से 26 जुलाई तक गुना के पवन श्री मांगलिक भवन में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है।यह जानकारी विजयवर्गीय समाज गुना के अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष प्रणय विजयवर्गीय ने देते हुए बताया की इस कथा की विशेष बात यह है कि विजयवर्गीय समाज के ही गौरव गुना निवासी श्री सुमित विजयवर्गीय वर्तमान में (इस्कॉन) के अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक संत श्रीमान समर्थ कृष्ण दास प्रभु जी महाराज अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का अमृत पान कराएंगे। समाज के ही पुत्र का संत रूप में गुना आगमन और उनके मुखारविंद से कथा श्रवण को लेकर पूरे विजयवर्गीय समाज सहित धर्मप्रेमी जनता में भारी उत्साह है।कथा के मुख्य कार्यक्रम :कथा के शुभारंभ अवसर पर 20 जुलाई को सुबह 10 बजे एक भव्य कलश यात्रा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर जय स्तम्भ चौराहा से पवन श्री मांगलिक भवन जय स्तंभ चौराहा तक निकाली जाएगी जिसमें समाज एवं अन्य समाज की धर्म प्रेमी महिलाएं मंगल कलश सिर पर धारण कर शामिल होंगी।

### ट्रेन से कटकर अशोकनगर के युवक की मौत, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**गुना।** जिले के म्याना थाना क्षेत्र के अंतर्गत भढोरा-खुटियावद रेलवे ट्रैक पर एक 21 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अशोकनगर जिले के शाडोरा थाना अंतर्गत ग्राम झीला निवासी अनिकेत रघुवंशी के रूप में की गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा गुरुवार शाम करीब 7 बजे का बताया जा रहा है। मामले की जानकारी देते हुए म्याना थाने के एएसआई असलम खान ने बताया कि पुलिस को रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक की शिनाख्त 21 वर्षीय अनिकेत रघुवंशी पुत्र भानु रघुवंशी निवासी ग्राम झीला शाढ़ौरा अशोकनगर के रूप में हुई है। घटनास्थल के समीप ही पुलिस को मृतक की मोटरसाइकिल भी खड़ी हुई मिली है। म्याना पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### समाजसेवी प्रमोद भार्गव की पहल रंग लाई

# घर से बिछड़े सतना जिले के प्रहलाद त्रिपाठी को परिवार से 6 वर्ष बाद मिलाया



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सतना जिले के निवासी प्रहलाद त्रिपाठी को उनके परिवार से समाजसेवी प्रमोद भार्गव के प्रयासों से मिलाया गया। जानकारी के अनुसार मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण प्रहलाद त्रिपाठी वर्ष 2021 में अपने घर से बिछड़ गए थे और बाद में बीनागंज क्षेत्र में किसी के यहाँ काम कर रहे थे। प्रमोद भार्गव ने प्रहलाद त्रिपाठी से लगातार बातचीत कर उनके परिवार और निवास संबंधी जानकारी जुटाई। मिली जानकारी के आधार पर उन्होंने सतना जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क किया। लगभग दो दिनों की खोजबीन के बाद प्रहलाद के परिवार का पता चल गया।

सतना जिले के पवैया गाँव मे सम्पर्क हुआ सूचना मिलने पर प्रहलाद त्रिपाठी के भाई गुलाब त्रिपाठी और उनके भांजे गुना पहुंचे और उन्हें अपने साथ ले गए। गुलाब त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2021 में प्रहलाद के लापता होने के बाद कोठी थाना, जिला सतना में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिवार लगातार उनकी तलाश कर रहा था।

### नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का तीसरा दिन, गुना पुलिस का जनजागरुकता के क्षेत्र में नवाचार

# विद्यार्थियों, ग्रामीणों और आमजन को दिलाया नशामुक्त समाज का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक नशा मुक्ति के लिए विशेष जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिलेभर में आमजन, युवाओं एवं विद्यार्थियों के बीच विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।आज दिनांक 17 जुलाई 2026 को अभियान के तीसरे दिन भी गुना पुलिस द्वारा जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया । अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है । अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विद्यालयों, ग्रामों तथा सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर विद्यार्थियों, युवाओं एवं नागरिकों को नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।





इसी क्रम में शुक्रवार को कैंट थाना पुलिस द्वारा शारदा स्कूल गुना, फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा सीएम राइज स्कूल फतेहगढ़, विजयपुर थाना पुलिस द्वारा ग्राम दौराना, म्याना थाना पुलिस द्वारा शासकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास म्याना, जामनेर थाना पुलिस द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर जामनेर, आरोन थाना पुलिस द्वारा कृषि उपज मंडी प्रांगण आरोन, सिरसी थाना पुलिस द्वारा शासकीय हाई स्कूल सिरसी, बजरंगगढ थाना पुलिस द्वारा शासकीय हायर सेंकडरी स्कूल बजरगंगढ में तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों, ग्रामीणों एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य सभी थाना क्षेत्रों में भी पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न विद्यालयों, ग्रामों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने सहभागिता की । पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें, दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें तथा समाज में नशामुक्त वातावरण बनाने में पुलिस का सहयोग करें। गुना पुलिस का नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा। अभियान के माध्यम से जिले के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर नशे के विरुद्ध जनजागरूकता का संदेश प्रसारित किया जाएगा, ताकि समाज को नशामुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाया जा सके।

16.77 करोड़ से पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का पीएम मोदी ने किया वर्चुअल लोकार्पण

# अगली बार आऊंगा तो करूंगा मेडिकल कॉलेज भूमि पूजन: सीएम मोहन यादव







हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 16.77 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम को टीकमगढ़ पहुंचे और रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने उत्सव भवन में आयोजित विशाल जनसभा में जिले को बड़ी सौगात देते हुए टीकमगढ़ में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगली बार जब वे टीकमगढ़ आएंगे, तब मेडिकल कॉलेज का विधिवत भूमि पूजन भी करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड के युवाओं को उच्च चिकित्सा शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अब दूसरे शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी तथा रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार टीकमगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री उत्सव भवन पहुंचे, जहां उन्होंने संदीपनी विद्यालय सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में प्रदेश के विकास, रेलवे, शिक्षा, बुंदेलखंड और कानून व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय भारत का अमृतकाल है और देश तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने कोयले से चलने वाली ट्रेनों से लेकर डीजल, इलेक्ट्रिक और अब हाइड्रोजन ट्रेन तक का सफर तय कर लिया है।

### लाल सलाम को अंतिम सलाम कर दिया गया है

आज भारतीय रेलवे आधुनिक तकनीक के साथ विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रही है। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मध्य प्रदेश के 80 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास भी इसी योजना का हिस्सा है, जिससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और रेलवे अधोसंरचना पहले से अधिक मजबूत बनेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 20 राज्यों के कुल 75 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का भी वर्चुअल लोकार्पण किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार आगामी विधानसभा सत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की दिशा में कानून लाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के लिए समान कानून होना चाहिए। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि यदि राम को एक विवाह की वैधता है, तो रहीम को भी एक ही विवाह की अनुमति होगी, क्योंकि प्रदेश में अलग-अलग कानून नहीं चलेंगे। मुख्यमंत्री ने नक्सलवाद के मुद्दे पर भी अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मध्य प्रदेश वह प्रदेश है जिसने लाल सलाम को अंतिम सलाम कर दिया है। अब प्रदेश में शांति, सुरक्षा और विकास का वातावरण है तथा सरकार विकास की गति को और तेज करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। बुंदेलखंड के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने आल्हा-ऊदल की वीरता को याद किया और मंच से आल्हा की पंक्तियां भी सुनाईं। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड वीरता, शौर्य और बलिदान की भूमि है, जिसका इतिहास पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने केन-बेतवा लिंक परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का सपना था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री दौरे पर विधायक ने फिर उठाया जल संकट का मुद्दा

## गर्मी में प्यासा रहता है जिला, अब स्थायी जल योजना लागू करे सरकार: यादवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित टीकमगढ़ दौरे पर जिले के बहुप्रतीक्षित पेयजल संकट का मुद्दा एक बार फिर राजनीतिक और जनचर्चा के केंद्र में आ गया है। विधायक यादवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से जिले की वर्षों पुरानी जल समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग करते हुए कहा है कि टीकमगढ़ की जनता अब केवल घोषणाएं और आश्वासन नहीं, बल्कि घर-घर तक स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल चाहती है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष भीषण गर्मी में हजारों परिवार पानी के लिए दर-दर भटकते हैं, लेकिन अब तक इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

विधायक यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता को अब और अधिक समय तक टाला नहीं जा सकता। यदि समय रहते ठोस और दीर्घकालिक जल आपूर्ति योजना लागू नहीं की गई तो आने वाले वर्षों में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। विधायक यादवेंद्र सिंह ने याद दिलाया कि उन्होंने विधानसभा में भी टीकमगढ़ के पेयजल संकट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। इस दौरान सरकार से जवाब मांगते हुए उन्होंने जिले की वास्तविक स्थिति सामने रखी थी। चर्चा के दौरान प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और विधायक यादवेंद्र सिंह के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई थी। विधानसभा में मंत्री तुलसीराम सिलावट ने हस्तक्षेप करते हुए कहा था कि जब विपक्ष की सोच ही उलटी हो तो मैं कुछ नहीं कर सकता। जबकि यह मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार है, जो कहा है वह करेगी और बहुत जल्द करेगी। इस पर विधायक यादवेंद्र सिंह ने पलटवार करते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार है तो क्या उल्टा पानी ले आओगे? क्या पहाड़ पर पानी चढ़ा दोगे? पहले यह बताइए कि टीकमगढ़ तक पानी कैसे लाओगे। आप लोग बीच में बोलने लगते हैं, लेकिन बात को समझते नहीं हैं। विधानसभा में हुई यह बहस उस समय काफी चर्चा में रही थी। विधायक यादवेंद्र सिंह ने कहा कि टीकमगढ़ की जनता लंबे समय से पेयजल संकट झेल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर तक लोग गर्मी के दिनों में पानी के लिए परेशान रहते हैं। कई स्थानों पर महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर तक पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह केवल विकास का नहीं बल्कि आमजन के जीवन और स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जिले की इस मूलभूत समस्या का स्थायी समाधान कर टीकमगढ़ को पेयजल संकट से मुक्त करने की दिशा में ठोस निर्णय लिया जाए। विधायक यादवेंद्र सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि टीकमगढ़ की जनता को अब आश्वासन नहीं, समाधान चाहिए। घोषणाएं नहीं, बल्कि स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल चाहिए। जनता की इस मूलभूत आवश्यकता की अनदेखी अब स्वीकार नहीं की जाएगी।



## पलेरा का 28 करोड़ का सांदीपनी विद्यालय जल्द होगा शुरू

पलेरा। क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करीब 28 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रहा भव्य सांदीपनी विद्यालय अब जल्द ही शुरू होने जा रहा है। विद्यालय का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है और इसी माह इसे पूर्ण कर जनता को समर्पित किए जाने की तैयारी है। विद्यालय के शुरू होने से पलेरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अमित जैन शुक्रवार को पलेरा पहुंचे। उन्होंने विद्यालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण कर निर्माणाधीन भवन, कक्षाओं, खेल मैदान सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को शेष कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने मध्य प्रदेश बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीबीडीसी) एवं निर्माण एजेंसी वसुंधरा कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधिकारियों से कहा कि विद्यालय के शेष बचे सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे किए जाएं, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप विद्यार्थियों को शीघ्र ही अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सांदीपनी विद्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण संस्थान होगा। यहां आधुनिक कक्षाएं, बेहतर शैक्षणिक संसाधन, खेल सुविधाएं और अन्य आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा।

सांदीपनी विद्यालय के निर्माण को लेकर क्षेत्र के अभिभावकों और नागरिकों में भी उत्साह का माहौल है। लोगों का मानना है कि विद्यालय शुरू होने के बाद स्थानीय विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण मध्य प्रदेश बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की तकनीकी देखरेख में वसुंधरा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

दहेज में एक लाख की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप

## 3 मासूम बेटियों समेत विवाहिता को निकाला घर से, एसपी से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




दहेज प्रताड़ना, मारपीट और घरेलू हिंसा का एक गंभीर मामला सामने आया है। विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपये की मांग को लेकर लगातार मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट कर जेवरात छीन लिए गए और तीनों नाबालिग बेटियों सहित घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में हरिबाई कश्यप पत्नी मिथुन कश्यप (रैकवार) ने बताया कि उसका विवाह लगभग 14 वर्ष पूर्व ग्राम रजपुरा, थाना बल्देवगढ़ निवासी मिथुन कश्यप के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के समय उसके मायके पक्ष द्वारा नगद एक लाख रुपये सहित अलमारी, कूलर, पंखा, टीवी, कुर्सी, पलंग, बर्तन एवं अन्य घरेलू सामान देकर करीब डेढ़ लाख रुपये का दहेज दिया गया था। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही पति मिथुन कश्यप, सास रमा रैकवार, देवर तुलसी रैकवार एवं देवरानी माला रैकवार अतिरिक्त एक लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि ससुराल पक्ष का कहना था कि शादी में एक लाख रुपये कम दिए गए हैं, इसलिए मायके से और रुपये लेकर आओ। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ लगातार मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता रहा। आवेदन के अनुसार विवाहिता ने बताया कि उसके तीन बेटियां हैं, जिनकी उम्र क्रमशः लगभग 14 वर्ष, 9 वर्ष और 6 वर्ष है। बेटियों के जन्म के बाद ससुराल पक्ष का व्यवहार और अधिक खराब हो गया। आरोप है कि पति शराब पीकर आए दिन मारपीट करता था तथा परिवार के अन्य सदस्य भी उसे प्रताड़ित करते थे। इतना ही नहीं, घर का खर्च और बच्चियों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी नहीं उठाई जाती थी। पीड़िता का यह भी आरोप है कि वह जो भी मजदूरी या अन्य कार्य कर कुछ पैसे कमाती थी, पति उन्हें छीनकर शराब में खर्च कर देता था। विवाहिता ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि 6 जुलाई को पति एवं अन्य ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट कर जेवरात छीन लिए और तीनों बेटियों सहित घर से निकाल दिया। इसके बाद उसने थाना बल्देवगढ़ में शिकायत करने का प्रयास किया। वर्तमान में वह अपनी तीनों बेटियों के साथ अपने मायके में रह रही है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए पति एवं ससुराल पक्ष के सभी आरोपियों के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना, मारपीट एवं अन्य संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

सर्वऔषधि जल अभिषेक और 56 भोग के साथ शुरू हुई भगवान जगन्नाथ की यात्रा

## जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ निकली रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में निकाली गई। पूरे नगर में जय जगन्नाथ के जयघोष गूंजते रहे। रथयात्रा में प्रशासन, आयुष विभाग, मंदिर समिति और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह की उपस्थिति एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार के मार्गदर्शन में आयुष विभाग की टीम ने आयुष आपके द्वार अभियान के तहत रथयात्रा में शामिल होकर स्वास्थ्य सेवा और जनजागरूकता का संदेश दिया। रथयात्रा प्रारंभ होने से पूर्व भगवान श्री जगन्नाथ का पारंपरिक विधि-विधान से सर्वऔषधि जल से अभिषेक किया गया। मंदिर के पुजारी पं. राजेन्द्र पस्तोर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक संपन्न कराया। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार इस अभिषेक के जल को ग्रहण करने से शरीर के अनेक रोगों का शमन होता है तथा अनेक जन्मों के पापों का नाश होता है। श्रद्धालुओं ने भी आस्था के साथ इस पवित्र जल का प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। आयुष विभाग द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा से पूर्व पारंपरिक स्वास्थ्य परीक्षण की रस्म भी निभाई गई। इस अवसर पर औषधालय प्रभारी प्रदीप चतुर्वेदी ने भगवान के श्रीचरणों में साष्टांग दंडवत प्रणाम कर स्वास्थ्य परीक्षण की औपचारिकता पूरी की। इस दौरान डॉ. रोमेश शर्मा, डॉ. सुरेंद्र जैन, पैरामेडिकल स्टाफ प्रतीक्षा सिंघई, कमलेश चतुर्वेदी, मनोज दुबे तथा मंदिर व्यवस्थापक डॉ. आदित्य भटनागर सहित आयुष विभाग की पूरी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान वृद्ध आश्रम महिला संगठन द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ को पारंपरिक 56 भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह ने भगवान श्री जगन्नाथ का पूजन-अर्चन कर रथ एवं रथ की रस्सी का विधिवत पूजन किया। मंगला आरती के उपरांत उन्होंने श्रीफल फोड़कर रथ की रस्सी खींची और भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा का शुभारंभ किया।

रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान के दर्शन किए। पूरे मार्ग में भक्ति गीत, जयघोष और धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ से जिले में सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। रथयात्रा के दौरान आयुष विभाग की टीम ने श्रद्धालुओं को आयुर्वेद आधारित स्वास्थ्य संरक्षण एवं निरोगी जीवनशैली के प्रति भी जागरूक किया। धार्मिक आस्था और स्वास्थ्य सेवा के इस समन्वय ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। प्रशासन, मंदिर समिति एवं आयुष विभाग के संयुक्त सहयोग से संपन्न यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था, सेवा और सामाजिक सहभागिता का प्रेरणादायी उदाहरण बन गया।

नगर आगमन पर युवाओं ने अपील कर,जिले की तस्वीर बदलने रखी विकास की पांच बुनियादी मांगें

# सिर्फ घोषणाएं नहीं, जीले के भविष्य की कीजिये पांच मजबूत नींव!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नगर आगमन के अवसर पर टीकमगढ़ के युवाओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक भावनात्मक और विकासोन्मुख अपील जारी की है। युवाओं का कहना है कि वे केवल नई घोषणाओं के बजाय ऐसी बुनियादी सुविधाएं चाहते हैं, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिले और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य मजबूत हो। उनका कहना है कि यदि जिला अस्पताल को आधुनिक बनाया जाए, सरकारी शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए, महाविद्यालयों में रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू हों, शहर को आधुनिक ऑडिटोरियम मिले और युवाओं के लिए उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षण केंद्र विकसित किया जाए, तो टीकमगढ़ विकास की नई दिशा में आगे बढ़ सकता है। युवाओं ने अपनी अपील में स्पष्ट कहा कि उनकी ये मांगें किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि जिले के समग्र विकास और आमजन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर रखी गई हैं। उनका मानना है कि इन पांच क्षेत्रों में निवेश से स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, संस्कृति और खेल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थायी परिवर्तन आएगा।

### पहली मांग:जिला अस्पताल बने हर मरीज की उम्मीद

टीकमगढ़ के युवाओं ने कहा कि जिले को फिलहाल नए मेडिकल कॉलेज से अधिक जरूरी है कि जिला अस्पताल को पूरी तरह सक्षम बनाया जाये। जिला अस्पताल में एक के स्थान पर दो सोनोग्राफी मशीनें स्थापित हों, एमआरआई मशीन की सुविधा शुरू की जाए तथा सभी आवश्यक जांच और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यदि जिला अस्पताल आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित होगा तो गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को इलाज के लिए झांसी, ग्वालियर, सागर या भोपाल जैसे बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इससे समय, धन और परेशानी आदि तीनों की बचत होगी।



### मांगे ज्यादा बड़ी नहीं, परन्तु आने बाली पीढ़ियों का करेंगी भविष्य वेहतर

टीकमगढ़ के युवाओं ने अपनी अपील के अंत में कहा कि उनकी ये मांगें बहुत बड़ी नहीं हैं, लेकिन इनका प्रभाव आने वाली कई पीढ़ियों के भविष्य पर पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आग्रह किया कि यदि टीकमगढ़ को वास्तव में विकास की नई पहचान देनी है तो मजबूत जिला अस्पताल, उत्कृष्ट सरकारी शिक्षा, रोजगारपरक उच्च शिक्षा, आधुनिक ऑडिटोरियम और विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए। उनका कहना है कि यही टीकमगढ़ की जनता की सच्ची अपेक्षा है और इन्हीं पांच मजबूत स्तंभों पर जिले का सुनहरा भविष्य खड़ा होगा।

### दूसरी मांग : सरकारी स्कूल बनें उत्कृष्ट शिक्षा के केंद्र

युवाओं का कहना है कि जिले के सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इसके लिए योग्य एवं समर्पित शिक्षकों की नियमित नियुक्ति की जाए, आधुनिक शिक्षण संसाधन उपलब्ध कराए जाएं तथा विद्यालयों में ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित किया जाए कि अभिभावकों का भरोसा सरकारी स्कूलों पर बढ़े। उनका कहना है कि अच्छी शिक्षा ही किसी भी जिले के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव होती है। लेकिन वर्तमान में सरकारी स्कूल सिर्फ वेतन लेकर परिवार भरण पोषण का और निजी शिक्षा जगत के लिये छात्रों का बाजार बनकर रह गया है। सरकारी स्कूल सिर्फ उन छात्रों के लिये मजबूरी का नाम है जो आर्थिक रूप से कमजोर है। अगर सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधार दिया जाये तो शिक्षा का प्रतिशत तो बढ़ेगा ही, साथ ही साथ निजी स्तर पर शिक्षा को माफिया बनाने पर भी लगाम लगेगी।

### चौथी मांग : टीकमगढ़ को मिले आधुनिक ऑडिटोरियम

युवाओं ने कहा कि टीकमगढ़ जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व वाले जिले में आज भी अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का अभाव है। एक आधुनिक ऑडिटोरियम बनने से सांस्कृतिक कार्यक्रम, साहित्यिक आयोजन, शैक्षणिक सेमिनार, प्रतियोगिताएं, नाट्य मंचन और सामाजिक कार्यक्रम बेहतर ढंग से आयोजित हो सकेंगे। इससे शहर की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी और स्थानीय प्रतिभाओं को भी उचित मंच उपलब्ध होगा। जिससे जिले की प्रतिभाए संभाग और प्रदेश के साथ साथ राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकेंगी।

### पांचवीं मांग: खेल प्रतिभाओं के लिए बने विश्वस्तरीय प्रशिक्षण केंद्र

युवाओं ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि टीकमगढ़ में ऐसा आधुनिक खेल प्रशिक्षण केंद्र विकसित किया जाए, जहां ओलंपिक से जुड़े विभिन्न खेलों का नियमित और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिल सके। आधुनिक खेल सुविधाएं, प्रशिक्षित कोच और आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने से जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे तथा प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

### तीसरी मांग : कॉलेजों में रोजगारपरक शिक्षा और नए कोर्स

टीकमगढ़ के युवाओं ने मांग की है कि जिले के महाविद्यालयों में केवल पारंपरिक पाठ्यक्रमों तक ही सीमित रहकर शिक्षण कार्य न किया जाये बल्कि समय की मांग के अनुसार महाविद्यालयों में तकनीकी, व्यावसायिक एवं कौशल आधारित नए कोर्स शुरू किए जाएं। क्योंकि रोजगारपरक शिक्षा मिलने से युवाओं को पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। इससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का पलायन भी रुकेगा और जिले में ही बेहतर भविष्य का रास्ता खुलेगा। बेरोजगारी से बहुत हद तक निजात पाई जा सकेगी। कॉलेजों में रोजगारपरक शिक्षा देने से जिले का युवावर्ग शिक्षित होने के बाद अपने पैरो पर खड़ा होने के लिये किसी पर निर्भर नहीं रहेगा बल्कि स्वरोजगार शुरू करके दूसरों के लिये रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा सकेगा।

### नेताओं के बदले स्वर, बोले- करनी की मिलेगी सजा

# मरीज के साथ मारपीट का वीडियो सामने आने से गुस्से में जनमानस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिस व्यक्ति पर जिला अस्पताल में चिकित्सकों के साथ मारपीट और अभद्रता करने के मामले में शासकीय काम में बाधा उत्पन्न करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी उस मामले में नया ट्विस्ट तब आ गया जब उक्त झगड़े से जुडा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो में वह मरीज जिस पर चिकित्सकों के साथ अभद्रता करने के आरोप लगे हैं को उलटे चिकित्सक पकड़ कर मारपीट कर रहे हैं। इस अमानवीय कृत्य को देखते हुए लोग सोशल मीडिया पर चिकित्सकों के खिलाफ जमकर भड़ास उतार रहे हैं। वही विपक्ष से जुड़े राजनेता इसे सरकार का कुशासन बताकर विरोध कर रहे हैं। सत्ता पक्ष से जुड़े राजनेता भी अब इस मामले में चिकित्सकों के खिलाफ बोलते दिखाई पड़ रहे है। कुल मिलाकर एफआईआर के बाद जो लोग सोशल मीडिया पर चिकित्सकों को प्रोटेक्शन देने की हिमायत कर रहे थे वह वीडियो के वायरल होने के बाद चिकित्सकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की बात बोलने लगे हैं।

गुरुवार की शाम कोतवाली थाने में जिला अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र यादव की रिपोर्ट पर लाखन जाट निवासी राडेप के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालकर मारपीट करते हुए गालियां देने व जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली। चूंकि मामला अस्पताल की सेवाओं से जुडा हुआ था और डॉ जीतेन्द्र यादव के साथ अन्य कई डॉक्टर भी एफआईआर कराने कोतवाली पहुंचे थे सो पुलिस ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज कर ली। इस एफआईआर की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों का मिली तो लोगों ने चिकित्सकों को प्रोटेक्शन देने की वकालत की लेकिन बाद में जब सोशल मीडिया पर उक्त चिकित्सकों का वीडियो संबंधित व्यक्ति के साथ मारपीट के रूप में वायरल हुआ तो जो लोग चिकित्सकों को प्रोटेक्शन देने की बात कह रहे थे, वे इन चिकित्सकों से मरीजों को प्रोटेक्शन दिलाने की गुहार शासन प्रशासन से लगाते दिखाई पड़े। मारपीट की घटना पर फरियादी चिकित्सक डॉ जितेंद्र यादव ने युवक के द्वारा उन्हें मां की गाली देकर उकसाने की बात कही हैं वहीं पुलिस इस मामले में निष्पक्ष जांच की बात कह रही है।



### जाट समाज ने घेरी कोतवाली दिया अल्टीमेटम

घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जाट समुदाय आक्रोषित है उसने रात को ही एकत्रित होकर कोतवाली का घेराव किया और टीआई से दोषी चिकित्सकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। जाट समाज के लोग थाने पर चिकित्सकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए अड़े हुए थे इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि वह इस मामले की निष्पक्ष जांच कराएंगे वीडियो में अगर सच्चाई हुई तो संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ उसी तरह एफआईआर की जाएगी जिस तरह उनकी रिपोर्ट तैयार हुई है। इस आश्वासन के बाद जाट समाज के लोग 2 दिन का अल्टीमेटम देकर कोतवाली से नीचे उतर आए।

### चुपके से बनाया वीडियो तब सामने आई हकीकत

इस मामले में एफआईआर के बाद वीडियो सामने आने के बाद मामला पूरी तरह बदल गया। एफआईआर होने तक जो लोग चिकित्सकों के बचाव में बयान बाजी सोशल मीडिया पर कर रहे थे वह वीडियो वायरल होने के बाद चिकित्सकों को कोसते दिखाई पड़े। यह वीडियो वायरल कैसे हुआ इसकी भी अजीब कहानी है। सूत्र बता रहे हैं कि इमरजेंसी वार्ड में जब चिकित्सक मरीज के साथ बुरी तरह मारपीट कर रहे थे तब अपना इलाज कराने आए किसी मरीज ने ही यह वीडियो बना लिया और बाद में सोशल मिडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ ललित शर्मा लखन जाट को बुरी तरह जकडे हुए थे और लखन डॉ ललित की पकड़ से असहाय दिखाई पड़ रहा था और वीडियो में वह ऐसी कोई हरकत नहीं कर रहा था जिससे लगे कि वो हाथापाई कर रहा हो या चिकित्सकों की पकड़ से छूटने का प्रयास कर रहा हो। शायद वह खुद को छोड़ने की गुहार लगा रहा था लेकिन चिकित्सक जितेंद्र यादव उस पर बार-बार चांटे बरसा रहे थे वही नेत्र चिकित्सक डॉ गोयल इस वीडियो में बीच बचाव करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं।

### इनका कहना है...

मेने सोशल मीडिया पर वीडियो देखा है चिकित्सकों की इस गुंडागर्दी का किसी भी तरह से समर्थन नहीं किया जा सकता हैं। मेने एसपी और कलेक्टर से बात कर संबंधितों के खिलाफ एफआईआर के साथ-साथ चिकित्सक सेवा अधिनियम के तहत टंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है और यह कार्रवाई हम कराकर ही छोड़ेंगे।

**शशांक भूषण**
**भाजपा जिलाध्यक्ष**

हमने कोतवाली पर पहुंचकर संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। एसपी ने आश्वासन दिया है कि वह जांच उपरांत संबंधित दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे अगर दो दिन में संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ एफआईआर नहीं होती है तो हमें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

**नीरज जाट**
**उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्योपुर**

इस मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद जो स्थिति सामने आएगी, उसके मुताबिक कार्रवाई की जाएगी

**राजीव गुप्ता**
**एसडीओपी, श्योपुर**

### 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज समेत राशि लौटने के भी आदेश दिए

# चेक बाउंस होने के मामले में न्यायालय ने सुनाई एक वर्ष के कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जिला एवं सत्र न्यायालय श्योपुर में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मनदीप कौर सहदेवी ने चेक बाउंस के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए दोषी को एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुना दी है। साथही न्यायालय ने आरोपी को मूल राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान पीड़ति पक्ष को किए जाने के आदेश भी जारी कर दिए है।

अभियोजन के अनुसार, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सलापुरा, जिला श्योपुर के शाखा प्रबंधक द्वारा आरोपी कादर खां पुत्र बाबू खां, निवासी वार्ड क्रमांक-11, जयश्री पैलेस के पीछे, पाली रोड, श्योपुर के विरुद्ध चेक बाउंस होने पर परिवाद प्रस्तुत किया गया था।

प्रकरण में बताया गया कि आरोपी ने बैंक से लिए गए ऋण के एवज में चेक जारी किया था। जब बैंक ने उक्त चेक भुगतान के लिए प्रस्तुत किया, तो आरोपी के खाते में पर्याप्त धनराशि नहीं होने के कारण चेक अनादृत (बाउंस) हो गया। इसके बाद बैंक ने विधि अनुसार आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में परिवाद दायर किया।

मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें एवं उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण करने के उपरांत न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने परक्राम्य लिखत अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोपी को एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई तथा बकाया राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित पीड़ति पक्ष को भुगतान करने का आदेश भी दिया।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल श्योपुर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर बीएल प्रजापति द्वारा जिला जेल श्योपुर का निरीक्षण सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। माननीय नालसा नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीएल प्रजापति द्वारा जिला जेल की समस्त बैरकों, वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष, पाकशाला, प्रसाधन, व लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। साथ ही बंदीजनों को उनके विधिक अधिकारों से अवगत कराते हुये उन्हें विधिक सहायता एवं अपीलीय अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं उनके प्रकरणों के संबंध में भी विधिक चर्चा की गई साथ ही ऐसा कोई बंदी जो कि सजा पूरी होने के बावजूद भी जेल में निरूद्ध है, के संबंध में बंदियों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की गई।

# तीन संकुल प्राचार्यो का डीईओ ने राजसात किया 15-15 दिन का वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जेडी कार्यालय ग्वालियर स्तर से मांगी गई जरूरी जानकारी उपलब्ध कराने में लापरवाही बरतने वाले तीन संकुल प्राचार्यो का जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन ने 15-15 दिन का वेतन काटने के आदेश जारी कर दिए है। दरअसल संकुल प्राचार्य वीरपुर यतेन्द्र सिंह, संकुल प्राचार्य ओछापुरा राजेश कुमार राठौर तथा संकुल प्राचार्य सहसराम प्रताप सिंह को पदोन्नति संबंधी जरूरी जानकारी 16 जुलाई को सुबह 10 बजे तक दिए जाने के लिए निर्देशित किया गया था। लेकिन इसके बाद भी तीनों संकुल प्राचार्य उपरोक्त जरूरी जानकारी लेकर उपस्थित नहीं हुए। इतना नहीं इनसे उपस्थित न होने का कारण दूरभाष पर पूछा गया तो इनके द्वारा उपस्थित न होने का कारण भी संतोषजनक नहीं बताया। इस स्थिति पर डीईओ यश जैन ने खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए तीनो संकुल प्राचार्यो का 15-15 दिन का वेतन राजसात कर दिया है।

# सफाई कर्मियों की दुर्दशा पर नाराज हुए अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर,

मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव शुक्रवार को श्योपुर पहुंचे जहां उन्होंने कई कार्यक्रमों में भागीदारी की। इस दौरान निषादराज भवन में नगरपालिका अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि की बैठक में उन्होंने अस्पर्शता को मन से मिटाकर मजबूत और सशक्त भारत निर्माण का आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों को वितरण होने वाले सुरक्षा उपकरणो का वितरण नहीं होने पर नाराजगी जताई। मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव ने शुक्रवार को दिन में कई कार्यक्रम अटेंड किए इस दौरान कर्यक्रम में समय अधिक लग जाने पर उन्होंने नगरपालिका श्योपुर में निकाय कार्यो की समीक्षा निषादराज भवन में की। जहां उनका स्वागत सीएमओ नरेश जाटव ने गुलदस्ता भेट कर किया। समीक्षा बैठक में आयोग के अध्यक्ष सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध कराए जाने वाले सुरक्षा उपकरण और ड्रेस वितरण न होने पर नाराज दिखे उन्होंने वह फोटो ग्राफ भी मांगे जो सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण ड्रेस इत्यादि देते समय खिंचवाए गए थे। हालांकि इस तरह के फोटोग्राफ नगर पालिका उपलब्ध नहीं कर पाई आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि वह जब श्योपुर आए थे तो उन्होंने रास्ते में सफाई कर्मी बिना सुरक्षा उपकरण के सफाई करते मिले यह मानव अधिकारों का उल्लंघन है इस मामले में आप पर एफआईआर दर्ज हो सकती है।

### अनुसूचित जाति पर घटित अपराधों की समीक्षा

अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर घटित अपराधों की समीक्षा भी की। ने कहा है कि पीडित के साथ सद्व्यवहार करें, उन्हें कानून के तहत पूरी सुरक्षा उपलब्ध करायें तथा पीडितों को सुरक्षा का एहसास भी दिलायें। उन्होने पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पॉक्सो एक्ट के मामले में कार्यवाही तो करे ही बल्कि पीडित परिवार का फॉलोअप भी करें। उनके साथ आत्मीय व्यवहार निभायें, जिससे पीडित परिवार को इस प्रकार की घटनाओं से उभरने में संबल प्राप्त हों।

### सभी पात्र बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ मिले, कोई भी शेष न रहे :डॉ कैलाश



प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए संचालित समस्त योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए। शिक्षा, रोजगार के साथ ही विभिन्न बुनियादी सुविधाओं में एससी वर्ग को लाभ सुनिश्चित किया जाए। सभी पात्र बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ मिलना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि के चलते कोई भी बच्चा लाभ से शेष न रहें, समय रहते तकनीकी समस्याओं, डीबीटी, आधार अपडेशन, समग्र आईडी से संबंधित मामलों का निराकरण कर लिया जाए। यह बात श्योपुर दौरे पर आए मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ.कैलाश जाटव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में कलेक्टर शीला दाहिमा, एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, एससी ट्राइबल राकेश गुप्ता सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इसके बाद अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर घटित अपराधों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई।

### चयनित गांवों के विकास के लिए बनाएं कार्य योजना

कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक में एससी आयोग के अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव ने निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में चिन्हित ग्राम चकबमुलिया, करन्याखेडली, बमूली गुसाई, रामगावडी, माधोपुरा, तलावदा, लाथ, फतेहपुर, ढोढपुर, प्रेमसर, मूंडला, अंधुपुरा, बरदुल्हा, फरारा एवं हारकुई में संपूर्ण विकास कार्यो के लिए कार्य योजना बनाये तथा ग्रामों का भ्रमण कर बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कार्यो को शामिल करें। उन्होंने कहा कि संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, आचार्य विद्या गौसंवर्धन योजना, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना आदि योजनाओं में लक्ष्य के अनुसार हितग्राहियों का चयन कर लाभ प्रदान कराये।

# एफटीके किट वितरण व पेयजल गुणवत्ता जांचने प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जिले में संचालित दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान के अंतर्गत कराहल विकासखंड के ग्राम पर्तवाड़ा, पहाड़ली एवं गोठरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) का वितरण किया गया तथा पेयजल गुणवत्ता परीक्षण का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एफटीके किट के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता की जांच करने की विधि, जल स्त्रोतों की नियमित निगरानी तथा जलजनित रोगों की रोकथाम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें यह भी समझाया गया कि समय पर जल गुणवत्ता की जांच, सुरक्षित पेयजल का उपयोग तथा सामुदायिक जागरूकता से डायरिया जैसी गंभीर बीमारी की प्रभावी रोकथाम संभव है।सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद की मंशा है कि जिले का कोई भी बच्चा अथवा नागरिक डायरिया जैसी रोकी जा सकने वाली बीमारी से प्रभावित न हो। इसी उद्देश्य से विभागीय अमला निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर प्रशिक्षण, जागरूकता एवं जल गुणवत्ता परीक्षण की गतिविधियां संचालित कर रहा है, ताकि प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धत सुनिश्चित की जा सकें। कार्यक्रम में जिला सलाहकार आराधना पाराशर, क्षेत्रीय इंजीनियर विजय प्रजापति, आईईसी कोऑर्डिनेटर नीरज श्रीवास्तव सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 10 दिवसीय विशेष अभियान चलाकर यातायात पुलिस ने पकड़े नियम तोड़ रहे स्कूली वाहन

# स्कूली वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस का शिकंजा 54 वाहनों से वसूला 74900 रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

स्कूली वाहनों में स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात थाना पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने शहर श्योपुर समेत बडौदा और विजयपुर तहसील मुख्यालय स्कूली वाहनों की सघन चैकिंग करते हुए ऐसे स्कूली वाहनों को ढूंढकर पकडा, जो नियमों के खिलाफ संचालित होकर स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड कर रहे थे। 10 दिवसीय अभियान के दौरान ऐसे 54 स्कूली वाहनों पर कार्रवाई करते हुए उनके चालको से 74 हजार 900 रूपए का जुर्माना वसूला गया है। साथही उन्हें यह चेतावनी भी दे दी गई कि अभी जुर्माना कर वाहन को छोडा गया है, लेकिन फिर से नियम तोडते हुए पकडे गए तो वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा और चलने नहीं दिया जाएगा।

पीएचक्यू के आदेश और एसपी श्योपुर सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर यातायात पुलिस ने इस विशेष स्कूली वाहन चैकिंग अभियान की शुरूआत गत 8 जुलाई से की। और 17 जुलाई तक लगातार स्कूल वाहनों की सघन जांच की गई। ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में यातायात थाना पुलिस ने स्कूली वाहनों की जांच के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित सुरक्षा गाइडलाइंस और मोटर यान अधिनियम के प्रावधानों का बारीकी से पालन सुनिश्चित किया गया। कई स्कूल वाहन सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। जिसके बाद उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा स्कूली वाहनों की चैकिंग की कार्रवाई शहर श्योपुर के साथही बडौदा और विजयपुर पहुंचकर भी की गई।



### 35 वाहनों में ओवर लोड भरे थे बच्चे, 5 स्कूल बसे दौड़ रही थी बिना फिटनेस

यातायात थाने से मिली जानकारी के अनुसार 8 जुलाई से 17 जुलाई तक चलाए गए चैकिंग अभियान के दौरान 78 स्कूली वाहनों की चैकिंग की गई और चैकिंग के दौरान 54 स्कूल वाहन नियमों के खिलाफ संचालित होते पाए गए। इनमें 35 स्कूली वाहनों में जहां स्कूली बच्चे ओवर लोड बैठे मिले। वहीं 5 स्कूल बसे बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के ही संचालित होती मिली। इसके साथही 8 स्कूल वाहन बिना अग्निशमन यंत्र, 01 स्कूल वाहन बिना फर्स्ट एड बॉक्स, 01 स्कूल वाहन बना प्रदूषण प्रमाण पत्र तथा एक स्कूल वाहन बिना परमिट संचालित होता पकडा गया। 54 स्कूल वाहन संचालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे 74 हजार 900 रूपए का जुर्माना किया गया

### बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि:राजपूत

ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने स्कूली वाहनों की चैकिंग के दौरान इस बात पर जोर दिया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का शत-प्रतिशत पालन अनिवार्य है ताकि किसी भी अप्रिय दुर्घटना को रोका जा सके। उन्होने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को ऐसे वाहनो में स्कूल न भेजे जो कि नियमो के खिलाफ संचालित हो रहे है। ट्रैफिक टीआई ने स्कूली वाहन संचालको को भी समझाइस दी है कि वे अपने वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर आवश्यक रूप से अंकित करें, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, परमिट आदि जरूरी दस्तावेज आवश्यक रूप से साथ में रखें। स्कूली वाहनों में अग्निशमन यंत्र एवं मेडिकल किट बॉक्स आवश्यक रूप से रखें। निर्धारित गति सीमा से तेज गति से तथा खतरनाक ढंग से वाहन न चलाएं। वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे न बिठाये, तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं। ट्रैफिक टीआई ने स्पष्ट कर दिया कि नियमों का पालन न करने वाले स्कूली वाहन चालकों के खिलाफ भविष्य में भी लगातार सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

# उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों ने किया सांदीपनि स्कूल का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने तथा विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करने के उद्देश्य से सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में 15 जुलाई से 29 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के तृतीय दिवस पर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर के छात्र-छात्राओं ने सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया तथा विद्यालय में संचालित नवाचार एवं विभिन्न प्रयोगशालाओं की गतिविधियों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक खंडेलवाल के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया। प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को विभिन्न मॉडलों, उपकरणों एवं व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित गतिविधियों का अवलोकन कराया तथा उनके उपयोग एवं रोजगारपरक महत्व को समझाया। इसी प्रकार संगीत शिक्षिका डॉ दीक्षा साहू ने नृत्य एवं संगीत के बारे में जानकारी प्रदान की एवं विद्यार्थियों ने पुस्तकालय एवं रोबोटिक लैब का भ्रमण किया संदीपनी विद्यालय जिले का एकमात्र विद्यालय है, जिसमें रोबोटिक लैब संचालित है रोबोटिक लैब के प्रभारी राजीव रावत ने लैब के बारे में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रयोगशालाओं, नवाचार गतिविधियों एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का उत्साहपूर्वक अवलोकन किया तथा विज्ञान एवं व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित अनेक उपयोगी जानकारियाँ प्राप्त कीं। इसके साथ ही भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 6-8) एवं वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9-12) में करवाई गयी। जिसमें कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान निष्का साहू कक्षा 7 एवं द्वितीय स्थान समृद्धि पचौरी कक्षा 7 ने प्राप्त किया। इसी प्रकार वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान कक्षा 9वीं की छात्रा श्रेया गर्ग एवं द्वितीय स्थान कक्षा 11 वाणिज्य की छात्रा कृषिका जाट ने प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### कृषक खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करा सकेंगे

**अशोकनगर।** जिले में खरीफ मौसम हेतु फसलों का फसल बीमा 01 जुलाई से प्रारंभ हो गया है। मौसम की विपरीत परिस्थितियों/प्राकृतिक आपदाओं (अलनीनो का प्रभाव) से सुरक्षा हेतु सभी ऋणी/ अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित खरीफ 2026 फसलों धान, सोयाबीन, मक्का, उड़द एवं मूंगफली का फसल बीमा अपनी नजदीकी बैंक शाखा एवं कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से करा सकते हैं। जिसकी अंतिम तारीख 31 जुलाई है। अऋणी कृषक भू-अधिकार पुस्तिका, आधार कार्ड, स्व प्रमाणित बुबाई प्रमाण पत्र, बैंक खाता की छायाप्रति ले जाकर अपनी नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर एवं नजदीकी बैंक शाखा में जाकर अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ध्यानपुर निवासी मीना जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मेन्द्र, कमलेश बाई, गुडडी और विनोद जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सीहोर निवासी शुभम जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गीता, वर्षा, अमन, अंकित, संतोष, बलवीर, राकेश जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत रांवसर जागीर निवासी नंदकिशोर चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजीव चंदेल ने उससे घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी संजय आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रभु आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेलई निवासी भूलन अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमनचार निवासी भरत सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सीताराम यादव और डग्गी यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया से सहयोग राशि की मांग

**अशोकनगर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा अशोकनगर ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए केंद्रीय संचार मंत्री एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सहयोग राशि प्रदान करने का अनुरोध किया है। रेडक्रास सोसायटी के सभापति डॉ. जयमंडल सिंह यादव और सचिव संजय रघुवंशी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा अशोकनगर रेडक्रास भवन बनाना चाहती है। साथ ही शासकीय जिला अस्पताल अशोकनगर को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान करती रहती है जो आमजन के इलाज हेतु तत्कालिक रूप से उपयोगी सिद्ध होती हैं। ज्ञापन में बताया गया कि अस्पताल में मरीजों को दवाइयां और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं भी रेडक्रास द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं। इसलिए सोसायटी ने केंद्रीय मंत्री से जिले में रेडक्रास भवन निर्माण एवं शासकीय जिला अस्पताल अशोकनगर को सुविधाएं देने हेतु सांसद निधि से राशि प्रदान करने की कृपा करने का आग्रह किया है। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी सतीश पाराशर रंजीत गुरु, सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जल परीक्षण की ट्रेनिंग दी गई

**अशोकनगर।** स्टॉप डायरिया अभियान 1 से 30 जुलाई के अंतर्गत कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड अशोकनगर के मार्गदर्शन में गुरूवार को विकासखंड चंदेरी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को एफटीके द्वारा जल परीक्षण की ट्रेनिंग दी गई। दूषित जल से होने वाली बीमारियों एवं उनके रोकथाम की जानकारी भी दी गई।

## विधानसभा स्तरीय बैठक में संगठन विस्तार व किसान हितों पर मंथन

# प्रत्येक कार्यकर्ता किसानों के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखेः यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रामकुमार यादव के प्रथम नगर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए किसान मोर्चा के नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का विश्वास व्यक्त किया। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत विधायक निर्मला सप्रे के निवास पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीना विधानसभा के विभिन्न मंडलों से आए किसान मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बैठक का उद्देश्य किसान मोर्चा के संगठनात्मक विस्तार, किसान हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना रहा।

बैठक के प्रारंभ में किसान मोर्चा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रामकुमार यादव का सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से परिचय कराया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार बूथ है और किसान मोर्चा को भी शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से किसानों के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने तथा किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा केवल एक संगठनात्मक इकाई नहीं, बल्कि किसानों की आवाज़ बनकर उनके हितों की रक्षा करने वाला सशक्त मंच है।

विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, कृषि अधोसंरचना को मजबूत करने तथा विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ पात्र किसानों तक पहुँचाना ही संगठन की प्राथमिकता होनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव किसानों के हितों के लिए समर्पित रही है। बीना विधानसभा के प्रत्येक किसान तक संगठन के माध्यम से सहयोग पहुंचाने के लिए किसान मोर्चा के कार्यकर्ता पूरी सक्रियता, समर्पण एवं सेवा भाव के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों एवं शासन स्तर तक पहुंचाकर उनका समाधान कराने के लिए संगठन निरंतर प्रयासरत रहेगा।

बैठक के दौरान खिमलासा मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह राजपूत ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए खिमलासा एवं मंडीबामोरा क्षेत्र में खाद वितरण केंद्र प्रारंभ किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध हो सके और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। भानगढ़ मंडल अध्यक्ष पवन यादव ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन की ओर से सभी का अभिनंदन किया तथा किसान मोर्चा को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई तथा आगामी समय में किसान मोर्चा के माध्यम से गांव-गांव संपर्क अभियान, किसान चौपाल, शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं किसान समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर मंडीबामोरा मंडल अध्यक्ष विशाल कुर्मी, वरिष्ठ नेता रतन सिंह यादव, किसान मोर्चा जिला मंत्री अखिलेश तिवारी, आशुतोष तिवारी, बदन सिंह ठाकुर, आलेख राय, मनीष चंदेल, दिनेश सिंह ठाकुर, दिनेश जैन, मयंक जैन, धर्मेश ठाकुर, राजेंद्र यादव, बलभद्र बुंदेला, अजय पटेल सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी एवं किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मंडीबामोरा मंडल अध्यक्ष विशाल कुर्मी ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का आह्वान किया।

## मूंग खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया

# मूंग खरीदी व खाद वितरण में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगीः सप्रे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ग्राम बिहरना में शुक्रवार को मूंग खरीदी केंद्र का विधिवत पूजन-अर्चन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे ने किसानों के साथ संवाद कर खरीदी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक किसान की उपज का नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से क्रय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ उपलब्ध रहनी चाहिए। इसके पश्चात विधायक सप्रे ने खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से खाद की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था एवं अन्य समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खेती का समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, इसलिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध रहे और वितरण पूरी पारदर्शिता एवं सुचारु व्यवस्था के साथ किया जाए। यदि किसी किसान को अनावश्यक परेशानी होती है या वितरण में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हितों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि किसानों को समय पर खाद, बीज, सिंचाई तथा अपनी उपज का उचित मूल्य मिले। किसानों की सुविधा और उनके सम्मान की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते वे स्वयं समय-समय पर विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करती रहेंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकुमार यादव ने कहा कि किसान देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। भाजपा सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया तथा अधिकारियों से किसान हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही।

नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान भाजपा सरकार की कार्यशैली का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता किसानों के साथ खड़ा है और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर खिमलासा मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह राजपूत, भानगढ़ मंडल अध्यक्ष पवन यादव, मंडी बामोरा मंडल अध्यक्ष विशाल पटेल सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र यादव , अखिलेश तिवारी, बदन ठाकुर, आशुतोष तिवारी, वीरेंद्र यादव, रतन यादव, बलभद्र बुंदेला, अजय पटेल, विश्वनाथ सिंह ठाकुर, सतीश पटेल एवं मयंक जैन उपस्थित रहे।



## अशोकनगर विकास की रफ्तार में पीछे

# 5000 करोड़ का विकास मॉडल लागू कराने नागरिक हुए लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुना शिवपुरी अशोकनगर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर जिले के प्रवास पर हैं, परंतु अशोकनगर जिला विकास की रफ्तार में बहुत पीछे है, जिस पर सांसद सिंधिया का कोई ध्यान नहीं है,जबकि यही सांसद सिंधिया गुना एवं शिवपुरी में औद्योगिक विकास एवं अन्य पर फोकस कर रहे हैं, परंतु अशोकनगर जिले के प्रति सांसद सिंधिया का बेहद ही नकारात्मक रवैया है। हर बार सिर्फ आश्वासन देकर जाते हैं, लेकिन कोई सौगात लेकर नहीं आते, आम जनता अब उनके इस व्यवहार से भली भांति अवगत हो रही है और आंतरिक आक्रोश भी है,समय रहते अशोकनगर जिले के विकास पर उन्हें फोकस करना चाहिए और वादे न कर अब सौगातो से अशोकनगर जिले को मालामाल करना चाहिए।

अशोकनगर जिला 23 वर्ष का हो गया है, परंतु विकास के पैमाने पर यह शून्य है, जबकि अशोकनगर जिले के निकट बीना रिफायनरी के पास 49000 करोड़ का पेट्रोलियम कंपलेक्स निर्मित हो रहा है। इसके बाय प्रोडक्ट से कई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो सकती हैं जिन्हें मुंगावली, चंदेरी, अशोकनगर ईसागढ़ आदि स्थानों पर स्थापित कराया जा सकता है, सांसद सिंधिया को अशोकनगर जिले के लिए लगभग पर 5000 करोड़ का निवेश कराते हुए और औद्योगिक इकाई की स्थापना कराने पर जोर देना होगा तब कहीं जाकर युवाओं को रोजगार एवं आम जनता को राहत मिल पाएगी।

अशोकनगर जिला मुख्यालय किसी भी हाईवे से जुड़ा हुआ नहीं है मुरैना से नागपुर को निर्मित होने जा रहे सिक्स लेन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर को अशोकनगर जिला मुख्यालय से कनेक्ट करने के लिए मांग सांसद सिंधिया से की जा चुकी है, जिस पर सांसद द्वारा केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर इस पर कार्रवाई आगे बढ़ाने मांग रखी है परंतु आज दिनांक तक सिक्स लेन हाईवे से अशोकनगर को जोड़ने की कोई भी कवायद साकार रूप में दिख नहीं रही है, सांसद सिंधिया को चाहिए कि इस सिक्स लेन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर से अशोकनगर जिला मुख्यालय को कनेक्ट किए जाने की जोरदार पैरवी वे अवश्य करेंगे ताकि अशोकनगर जिला मुख्यालय हाईवे से कनेक्ट हो सकेगा और इसका औद्योगिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, वाणिज्यिक एवं पर्यटन विकास संभव हो पाएगा।

### रेल आवागमन पर्याप्त नहीं

अशोकनगर से दिल्ली, मुंबई, इंदौर, जबलपुर, प्रयागराज आदि के लिए सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं है,सांसद सिंधिया से आम जनता द्वारा यह लगातार मांग की जा रही है,जिस पर 15 दिसंबर 2025 एवं पुनः 26 फरवरी 2026 में संसद के द्वारा रेल मंत्री को मांग पत्र सौंपे गए हैं, परंतु आज दिनांक तक इन मांग पत्रों पर कोई भी अच्छे आदेश प्राप्त नहीं हुए हैं, जिससे अशोकनगर को ट्रेन नहीं मिल पा रही, कोरोना काल से बंद इंदौर-जबलपुर, कोटा -जबलपुर का पुनः संचालन प्रारंभ नहीं हो पा रहा है, जिससे आम जनता बेहद परेशान है, परंतु सांसद सिंधिया इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं और ना ही रेलवे से कोई आदेश जारी करा रहे हैं, बड़ी मुश्किल से बीना रुठियाई मेमू ट्रेन का दूसरा फेरा शुरू हुआ।

### प्राइवेट स्कूलों की एसडीएम ने की समीक्षा बैठक

अशोकनगर। चंदेरी जनपद शिक्षा केंद्र बीआरसी कार्यालय पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनीष धनगर ने चंदेरी ब्लॉक के प्राइवेट स्कूल संचालकों की बैठक ली, बैठक के दौरान प्रत्येक स्कूल संचालक से उनके स्कूल में प्रचलित छात्रों के पाठ्यक्रम, पुस्तकों, स्कूल ड्रेस, वाहन व्यवस्था आदि के विषय में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। और उसके संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

एसडीएम ने निर्देश दिए कि पुस्तकों और स्कूल ड्रेस की उपलब्धता खुले बाजार में होना चाहिए कोई भी स्कूल संचालक मनमाने तरीके से किसी एक दुकान विशेष पर या चिन्हित स्थान पर सामग्री लेने के लिए छात्रों के पालकों को नहीं मजबूर कर सकता। निर्देश दिए गए की नियमों का शासकीय नियमों का अक्षरशः पालन किया जावे और अनेक दुकानों पर निर्धारित पुस्तकों और स्कूल ड्रेस आदि सामग्री की उपलब्धता पालकों की सुविधा के अनुसार होना चाहिए। स्कूल फीस भी नियम अनुसार ली जावे। निर्धारित प्रपत्रों पर इस संबंध में आवश्यक जानकारी शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराई जावे। विद्यालय के छात्रों के लिए लगाए गए वाहनों के सभी आवश्यक कागजात जैसे रजिस्ट्रेशन, फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस आदि कंप्लीट होना चाहिए अगर किसी के द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया तो उस स्कूल के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# अभाविप ने एनएसयूआई के विरोध में किया पुतला दहन

**अशोकनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) अशोकनगर द्वारा भोपाल में एनएसयूआई के एक पदाधिकारी पर जनजातीय छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोप के विरोध में गांधी पार्क, अशोकनगर में एनएसयूआई का पुतला दहन कर रोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अभाविप कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि आरोप सत्य हैं, तो यह घटना अत्यंत निंदनीय है और महिलाओं की गरिमा तथा सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार का राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए तथा कानून के अनुसार निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। अभाविप ने कहा कि महिला सम्मान और सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी संगठन या व्यक्ति के प्रति दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं है। दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम कानूनी दंड दिया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने दोषियों के विरुद्ध नारे लगाए और प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने की मांग की।



## विकास व कृषि योजनाओं की दी सौगात, सरकार किसानों की आय बढ़ाने निरंतर कर रही है काम

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कृषि सम्मेलन में किसानों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तहसील बहादुरपुर स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित कृषि सम्मेलन में भाग लेकर किसानों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं, कृषि विकास कार्यों तथा जिले में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।






### बहादुरपुर में स्टेट बैंक की नई शाखा प्रारंभ होगी

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त के माध्यम से अशोकनगर जिले के हजारों किसानों के खातों में राशि अंतरित कर उन्हें लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों की आर्थिक मजबूती का आधार बन रही है। उन्होंने किसानों की बैंकिंग सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बहादुरपुर में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की नई शाखा प्रारंभ किए जाने की जानकारी दी। इससे किसानों को बैंकिंग सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा तथा कृषि ऋण एवं अन्य वित्तीय सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुंगावली क्षेत्र में नए विद्युत सब- स्टेशनों की स्थापना की गई है, जिससे किसानों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इससे सिंचाई व्यवस्था बेहतर होगी और किसान अपनी फसल का अधिक उत्पादन लेकर उचित लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने खाद एवं यूरिया वितरण व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि जिले में ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि जिले में खाद की उपलब्धता पर्याप्त है तथा वितरण में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। सिंधिया ने गेहूं, चना एवं मसूर की समर्थन मूल्य पर खरीदी, किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों तथा मृदा स्वास्थ्य परीक्षण (सॉयल हेल्थ कार्ड) की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक पद्धति से खेती अपनाने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करने का आग्रह किया।

### मुंगावली मेरे ह्रदय के सबसे निकट सिंधिया

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि मुंगावली मेरे हृदय के सबसे निकट है। मेरा निरंतर प्रयास रहेगा कि इस क्षेत्र के लोगों को बिजली, पानी, सड़क जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध हों और क्षेत्र का समग्र विकास हो। किसानों एवं आमजन के हितों के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूं। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया गया है।

### किसानों को किया हितलाभ का वितरण

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा कृषि विभाग द्वारा 250 स्वाईल हैल्थ कार्डों का वितरण कृषकों को किया गया। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं सहकारिता विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड 10 कृषकों को वितरित किया गया। जिससे कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर का लाभ मिलेगा। मत्स्य पालन विभाग द्वारा 05 मछुआ किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण जिसमें दस-दस हजार रूपये के कृषकों को प्रदाय किया गया। कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कस्टम हायरिंग सेंटर योजना से लाभान्वित 01 कृषकों को प्रमाण पत्र वितरण (अनुदान 07 से 10 लाख रुपए), रीपर कम बाइंडर यंत्र से लाभान्वित 02 कृषकों को प्रमाण पत्र वितरण (अनुदान 2.50 लाख रुपए), स्ट्रारीपर यंत्र से लाभांवित 02 कृषकों को प्रमाण पत्र वितरण (अनुदान 1.50 लाख रुपए) किया गया।